संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ
Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Med. Sciences,
Raibareli Road, Lucknow- 226 014 (U.P.), INDIA
Phones: 0522-2494011 Fax: 91-0522- 440973
Chief Medical Superintendent Phone:0522-249-4065

पी0जी0आई0 / मु0चि0अ0 / पी0ए0 / 1531 / 2022 दिनॉक: 17–05–2022

नोटिस

चिकित्सालय प्रशासन के संज्ञान में आया है कि कतिपय दलालों / धोखेबाजों द्वारा रोगियों के तीमारदारों को संस्थान के कर्मचारी बन झाँसे से जाँच व आपरेशन से संबंधित सामग्री की खरीद–फरोक्त हेतु फोन द्वारा निजी खातों में पैसा ट्रांसफर करने का फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। रोगियों/तीमारदारों को आगाह किया जाता है, यदि कोई ऐसा करने को कहे तो पैसों का ट्रांसफर किसी निजी खातों में न करें। संस्थान द्वारा बताए गए किसी भी प्रकार की जॉच अथवा अन्य शुल्क जमा करने के लिए संस्थान में बने लेखा काउण्टर पर ही जमा करें और उसकी रसीद अवश्य प्राप्त कर लें ।

आप द्वारा किसी निजी खाते में पैसा ट्रांसफर किये जाने पर उसकी जिम्मेदारी संस्थान प्रशासन की नहीं होगी।

साथ ही सभी को सचेत किया जाता है कि जो कोई भी इस प्रकार के कृत्य में लिप्त पाया जाता है तो उसके विरूद्ध न्यायोचित कार्यवाही की जायेगी। संस्थान के समस्त डाक्टर, नर्सेज व अन्य कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वह रोगियों/तीमारदारों को ऐसे घोटालों में फंसने से बचाने हेतु उन्हें आगाह करें।

(प्रो0 गौरव अग्रवाल)
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

प्रतिलिपिः

- निदेशक महोदय को सूचनार्थ।
- समस्त विभागाध्यक्ष, इस आशय से कि सभी डाक्टरों व नर्सेज को सूचित करें।
- चिकित्सा अधीक्षक।
- प्रो0 उत्तम सिंह, विभागाध्यक्ष, बी0एच0आई0, इस आशय से कि इस सूचना को संस्थान वेबसाइट एवं पेशेन्ट पोर्टल पर अपलोड करें।
- अध्यक्ष / नोडल अधिकारी, सुरक्षा।
- जन सम्पर्क अधिकारी, इस आशय का प्रेस नोट सर्कुलेट करें।।
- मुख्य नर्सिंग अधिकारी।
- समस्त सिस्टर इंचार्जेज।
- समस्त नोटिस बोर्ड।

(प्रो0 गौरव अग्रवाल)
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक